# कुंभ मेला-2027 की तैयारियां तेज : हरिद्वार में 50 करोड़ से बनेगा कमांड सेंटर

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** आगामी कुंभ मेला-2027 की तैयारियों को लेकर राज्य सरकार ने हरिद्वार में अवस्थापना विकास कार्यों को तेज कर दिया है। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनमें आधुनिक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (सीसीआर-2) भवन का निर्माण और दो नए डबल लेन पुलों का निर्माण प्रमुख रूप से शामिल हैं।

राज्य सरकार द्वारा लिए गए इन फैसलों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हालिया हरिद्वार दौरे के दौरान दिए गए निर्देशों का परिणाम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कुंभ मेला-2027 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया था कि आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। इसी के तहत सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने के निर्देश दिए गए थे। कुंभ मेला के सफल संचालन के लिए हरिद्वार में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नया कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (सीसीआर-2) बनाया जाएगा। इस परियोजना के लिए 50.27 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें से प्रथम किश्त के रूप में 20.11 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। यह भवन वर्तमान मेला नियंत्रण कक्ष के पास ही बनाया जाएगा और इसमें आधुनिक तकनीकों के माध्यम से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की जाएगी। सीसीआर-2 भवन की सबसे खास विशेषता इसकी शीर्ष मंजिल पर प्रस्तावित हेलीपैड होगा। इसके माध्यम से मेले के दौरान आपात स्थिति में हेलीकॉप्टर की लैंडिंग और टेकऑफ संभव हो सकेगा, जिससे रेस्क्यू और भीड़ प्रबंधन कार्यों में तेजी आएगी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान सीसीआर भवन वर्ष 2004 में बना था, जो बढ़ती भीड़ और आधुनिक आवश्यकताओं को देखते हुए अब पर्याप्त नहीं माना जा रहा है। इसके अलावा, खड़खड़ी श्मशान घाट मार्ग पर सूखी नदी में स्थित पुराने कॉजवे के स्थान पर 44.80 मीटर लंबा डबल लेन पुल बनाया जाएगा। इस पुल का निर्माण केबिल नेट आर्च तकनीक से किया जाएगा, जिसकी कुल लागत लगभग 13.21 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। इस परियोजना के लिए भी पहली किश्त जारी कर दी गई है। यह पुल बरसात के दौरान जलभराव और तेज बहाव से होने वाले हादसों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेगा।

इसी क्रम में मायापुर स्कैप चौनल पर दक्षद्वीप और बैरागी कैंप को जोड़ने के लिए 60 मीटर स्पान का बो-स्ट्रिंग स्टील गर्डर डबल लेन पुल भी बनाया जाएगा। इस परियोजना की लागत करीब 12.46 करोड़ रुपये है। पुल के निर्माण से पार्किंग क्षेत्र और मेला क्षेत्र के बीच बेहतर कनेक्टिविटी स्थापित होगी, जिससे भीड़ प्रबंधन में काफी सुधार होगा। मेला अधिकारी सोनिका ने इन सभी परियोजनाओं को कुंभ मेला-2027 के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य तुरंत शुरू किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जाए और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। साथ ही पुलों के निर्माण के बाद उनकी सुरक्षा जांच, लोड टेस्टिंग और अन्य तकनीकी परीक्षण समय से पूरे किए जाएं, ताकि मेले के दौरान इनका सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित हो सके।

### जेल में किया विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# कैदियों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों की दी जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** भारतीय जागरूकता समिति एवं जिला विधिक प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार रोशनाबाद में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैदियों को विस्तार पूर्वक उनके अधिकारो एवं कर्तव्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में हाईकोर्ट के अधिवक्ता एवं भारतीय जागरूकता समिति के अध्यक्ष ललित मिगलानी, जिला विधि प्राधिकरण के रमन सैनी एवं डिप्टी जेलर प्रमोद दानू उपस्थित रहे। रमन सैनी ने कैदियों को जिला विधिक प्राधिकरण की कार्यशैली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। हाईकोर्ट के अधिवक्ता ललित मिगलानी ने कैदियों को उनके कर्तव्य एवं अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कैदी जेल में रहकर भी नियमों के तहत काफी कुछ कर सकते हैं। सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ भी कैदी ले सकते हैं और चाहें तो जेल में पढ़ लिखकर आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि जेल एक सुधार गृह है। जेल में व्यक्ति को अपने अपराधों का पश्चाताप कर सुधरने का मौका मिलता है। मिगलानी ने कहा कि यदि कैदी सभी नियमों का अच्छे से अनुसरण करें एवं अपने आचरण में परिवर्तन लाएं तो उसका प्रभाव उन्हें मिली सजा पर भी पड़ता है। इससे उनकी सजा कम करने में मदद मिलती है।

# अलविदा जुमे पर मस्जिदों में उमड़ी भीड़, बारिश से बाजारों में असर

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार/पथरी।** शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में माहे रमजान के अलविदा जुमे की नमाज सभी प्रमुख मस्जिदों में अदा की गई। नमाजियों में भारी जोश देखने को मिला। शहरी व गांव की सभी मस्जिदें नमाज पढने वालों से खचाखच भरी थीं। बारिश की वजह से बाजारों पर भारी असर देखने को मिला रोजेदार जुमे की नमाज अदा कर अपने अपने घरों में पहुच गए। जिससे बाजारों पर भारी असर देखने को मिला है। गांव धनपुरा, घिसुपुरा, पदार्था, कटारपुर, चांदपुर, अलावलपुर, कासमपुर, बुढहेड़ी, अम्बुवाला, इक्कड़ कला, खुर्द, नाशिरपुर कला आदि मुस्लिम क्षेत्र में अधिकांश मस्जिदों मे दोपहर को माहे रमजान के अलविदा जुम्मे की नमाज अदा की गई। निरंतर रोजे रख रहे रोजेदारों और रमजान माह के जुम्मे के दौरान रोजे रखने वालों की संख्या में बढोघ्तरी के चलते नमाज के दौरान काफी भीड़ मस्जिदों में देखने को मिली। नमाजियों की तादाद को देखते हुए मस्जिदों में विशेष इन्तजाम किये गये। जुमे के लिये मस्जिदों के बाहर वजू के लिए पानी के लिए माकूल व्यवस्था की गई। खुदा की बारगाह में हजारों सिर एक साथ झुके। और बीमारों की तन्दुरुस्ती व मुल्क की शांति के लिये अमन चेन के लिये एक साथ हाथ उठाकर दुआ मांगी गई। पथरी क्षेत्र में सभी मस्जिदों में सकुशल जुमे की नमाज अदा कर दुआ मांगी गई। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया पथरी की सभी प्रमुख्य मस्जिदों में सकुशल नमाज अदा हुई है।

# 6 लाख की स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** कोतवाली बहादराबाद पुलिस ने चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किए गए नशा तस्कर के कब्जे से लगभग 6 लाख कीमत की 18.98 ग्राम स्मैक बरामद की है। नशा तस्करी के आरोप में पहले भी युवक जेल जा चुका है। मादक पदार्थो की तस्करी और बिक्री रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली बहादराबाद पुलिस टीम ने नहर पटरी स्थित गुजरों के डेरे के पास चेकिंग के दौरान रमाकांत पुत्र राजकुमार निवासी फतेहगंज, बरेली, यूपी हाल निवासी पावन धाम कालोनी, कनखल को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में एसएसआई नितिन बिष्ट, कां. विकास थापा व वीरेन्द्र शामिल रहे।

# एटक की बैठक आयोजित, संगठन को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) की बैठक बीएचईएल स्थित यूनियन कार्यालय लुंबा नागर मैमौरियल भवन में हुई। बैठक के दौरान कई लोगों ने एटक में शामिल होकर संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। यूनियन पदाधिकारियों ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष एमएस त्यागी ने कहा कि वर्तमान समय में श्रमिक अधिकारों की रक्षा, सुरक्षित कार्य परिस्थितियों, न्यायसंगत वेतन और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ट्रेड यूनियन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। नए साथियों के जुड़ने से संगठन की ताकत और प्रभाव में वृद्धि होगी। एटक के केंद्रीय नेता एके दास ने कहा कि यह जुड़ाव केवल संख्या बढ़ाने का प्रयास नहीं, बल्कि श्रमिक आंदोलन को सशक्त बनाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। सभी कर्मचारी एटक से जुड़कर अपने अधिकारों की आवाज को मजबूत करें। एटक सीएफएफपी के अध्यक्ष नईम खान ने कहा कि एकजुटता से ही श्रमिकों के अधिकारों और हितों की रक्षा की जा सकती है। यूनियन में शामिल हुए सुनील कुमार चौहान, जितेंद्र चहल, धीरज बालियान, देवाशीष जोशी, शैलेंद्र वशिष्ठ, अनुराग सेमवाल, अतुल सोनार आदि श्रमिक हितों की रक्षा, संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखने और एकजुट होकर श्रमिक वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया। रहे। इस दौरान इस दौरान मनमोहन कुमार, परमाल सिंह, अजित सिंह, अमृत रंजन, सुभाष त्यागी, संदीप चौधरी, सौरभ त्यागी, रविकांत त्यागी, अशोक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम घोषित, 94.98 फीसदी रहा रिजल्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भेल सेक्टर-2 स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा 6 से 9 व 11 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 8 की हर्षिता पंत (95.45%), कक्षा 9 की कशिश शर्मा और कक्षा 11 के सार्थक कुमार (96.6%) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुल 1177 में से 1118 छात्र उत्तीर्ण रहे और विद्यालय का परिणाम 94.98% रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। वक्ताओं ने छात्रों को मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा अभिभावकों को बच्चों का मनोबल बढ़ाने की सलाह दी।

# पुरूष वर्ग में रेड आर्मी एवं महिला वर्ग में साउथ रेलवे टीम बनी चैंपियन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिला बॉस्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा प्रेमनगर आश्रम में आयोजित मां गंगा ऑल इंडिया इन्विटेशनल बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट में शुक्रवार को पुरूष वर्ग में रेड आर्मी एवं नारदर्न ईस्टर्न रेलवे के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले में रेड आर्मी ने 15 अंकों से जीत हासिल की। महिला वर्ग में नारदर्न रेलवे दिल्ली एवं साउथ रेलवे के बीच खेले गए फाइनल में साउथ रेलवे ने 27 अंकों से जीत हासिल की। विजेता टीमों को 1-1 लाख रूपए का नकद पुरूस्कार एवं ट्राफी तथा रनरअप रही टीमों को 50-50 हजार रूप्ए का नकद पुरूस्कार एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथी डीपीएस के प्रधानाचार्य अनुपम जग्गा ने कहा कि एकाग्रता और कड़ी मेहनत से ही सफलता प्राप्त होती है। जिला बॉस्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित नैय्यर ने बताया कि पुरूष और महिला वर्ग में आयोजित किए गए टूर्नामेंट में कुल 13 टीमों ने प्रतिभाग किया। सभी टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। नैय्यर ने सरकार से इंडोर गेम को बढ़ावा देने के लिए स्टेडियम का निर्माण कराने की मांग करते हुए कहा कि इससे बॉस्केटबॉल समेत अन्य इंडोर गेम्स को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता किरणपाल बाल्मीकि, उत्तराखंड कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश जोशी, दीपक राजपूत, संदीप चौधरी, मयंक गुप्ता, हेमंत शर्मा, बलराम कपूर, ऋषि सचदेवा, अंवतिका राणा, गुलशन अदलक्खा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल हुए आप के पूर्व पार्षद प्रत्याशी

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** कांग्रेस नेता पूर्व राज्यमंत्री रकित वालिया व कनखल ब्लॉक अध्यक्ष जतिन हांडा के नेतृत्व में वार्ड 30 बैरागी कैंप से आम आदमी पार्टी के पार्षद प्रत्याशी रहे देवराज सैनी उर्फ देवा अपने कई समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। कनखल स्थित निर्मल संतपुरा आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने सभी को पार्टी की सदस्यता प्रदान की। कांग्रेस की सदस्यता लेने वालों में रवि राज सिंह, विजय, सन्नी, संजय, शिवम, छोटू, विमल, संजय रावत, मिथुन, गुलशन शर्मा, अजीत, सौरभ, राकेश, अमन, राजू, गौरव, प्रमोद, महेश राजेंद्र आदि शामिल हैं।

कांग्रेस में शामिल हुए सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए पूर्व विधायक रामयश सिंह व पूर्व राज्य मंत्री संजय पालीवाल ने कहा कि भाजपा की सरकार से आम आदमी त्रस्त है और जनता कांग्रेस की तरफ आशा भरी नजरों से देख रही है। पूर्व नगर पालिका चेयरमैन प्रदीप चौधरी व पूर्व पार्षद अशोक शर्मा ने कहा कि धामी सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है और गरीब आदमी की कहीं सुनवाई नहीं हो पा रही है। भाजपा सरकार मस्त है और जनता त्रस्त है। पूर्व राज्य मंत्री रकित वालिया व मनोज सैनी ने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी व महंगाई से जनता त्रस्त है और घर चलाने में आम आदमी को अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अपराधियों का बोलबाला है। महिलाएं अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है। ब्लॉक अध्यक्ष जतिन हांडा व विकास चंद्रा ने कहा कि मोदी सरकार की गलत नीतियों के चलते देश वासियों को गैस की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है जिससे गैस की कालाबाजारी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और सरकार जनता को भ्रमित करने का काम कर रही है। रवीश भटीजा व शुभम अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इस अवसर पर संजय सैनी, संजय आनंद, पार्षद सुनील कुमार, वसीम सलमानी, आशु भारद्वाज, विकास चौधरी, सुंदर मनवाल, निशा शर्मा, विनोद कश्यप, सुरेंद्र ठाकुर, दिनेश कुमार, दिनेश नेगी, हरद्वारी लाल, राहुल चौधरी, जगदीप असवाल, मनोज जाटव, समर्थ अग्रवाल, अनिल ठाकुर आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुरु रविदास प्रकाश पर्व पर 4 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा निकालेंगे हजारों श्रद्धालु

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** संत शिरोमणि गुरु रविदास के 649वें प्रकाश पर्व को लेकर हरिद्वार में तैयारियां जोरों पर हैं। 4 अप्रैल को ज्वालापुर क्षेत्र से निर्मला छावनी स्थित भगवान रविदास आश्रम होते हुए हरकी पैड़ी तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा भगवान रविदास गेट जटवाड़ा पुल ज्वालापुर से प्रारंभ होकर आर्य नगर, रानीपुर मोड़, देवपुरा बस स्टैंड और शिव मूर्ति सहित विभिन्न स्थानों से गुजरेगी, जहां श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। इस दौरान भक्ति गीतों और संत संदेशों के साथ श्रद्धालु शहर में शोभायात्रा के रूप में आगे बढ़ेंगे। आयोजकों के अनुसार पंजाब के जालंधर से हजारों श्रद्धालु दो विशेष ट्रेनों के माध्यम से हरिद्वार पहुंचेंगे। इनके स्वागत और ठहरने की व्यापक व्यवस्था आश्रम प्रबंधन द्वारा की जा रही है। शोभायात्रा में स्थानीय लोगों के साथ-साथ बड़ी संख्या में सेवादार और श्रद्धालु भी शामिल होंगे। गुरु रविदास साधु सम्प्रदाय सोसायटी पंजाब के अध्यक्ष संत निर्मल दास ने बताया कि प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 5 अप्रैल को भगवान रविदास आश्रम में श्री अखंड साहिब पाठ का आयोजन किया जाएगा। साथ ही कथा-कीर्तन और विशाल लंगर की भी व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में देशराज कर्णवाल, रामवीर कटारिया एडवोकेट, सुशील



कुमार, सोनू राठी, मेहरचंद (भीम आर्मी), दलजीत खान, लवदीप, टिंकू, दिवेश गुप्ता, मनीष शर्मा, पंकज सिंह और सतीश कुमार सहित अन्य लोग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार


शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरीं।** पुलिस ने नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत अवैध शराब, स्मैक, चरस, गांजा, नशीली दवाई एव इंजेक्शन आदि तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने शुक्रवार को बंगला बस्ती को जाने वाले रास्ते के पास छापेमारी करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया आरोपी से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दीपांशु पुत्र स्व नीरज कुमार निवासी घिससुपुरा,थाना पथरी बताया पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को न्यायालय में पेश किया है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में एक आरोपित को 5 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। आगे भी नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा

# ज्ञान, विवेक व आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती नवरात्र साधना : स्वामी कैलाशानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि मां दुर्गा चैत्र नवरात्र का दूसरा दिन मां ब्रह्मचारिणी की आराधना को समर्पित है। मां भगवती का ब्रह्मचारिणी स्वरूप साधक को तप, त्याग, संयम और अडिग संकल्प की प्रेरणा देता है। श्री दक्षिण काली मंदिर में आयोजित नवरात्र उत्सव के दौरान भक्तों को संबोधित करते हुए स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि नवरात्रों में नौ दिनों तक मां भगवती की आराधना से ज्ञान, विवेक और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि वर्ष में दो बार आने वाले नवरात्र मां भगवती की कृपा प्राप्त करने का सबसे उत्तम अवसर हैं। नवरात्रों में प्रत्येक व्यक्ति को मां भगवती की आराधना अवश्य करनी चाहिए। नौ दिनों तक पूर्ण विधि विधान से मां भगवती के सभी स्वरूपों की आराधना करें। साथ ही देवी स्वरूपा कन्याओं के संरक्षण संवर्द्धन का संकल्प लेते हुए बालिकाओं को शिक्षा और जीवन में आगे बढ़ने समान अवसर प्रदान करें।



ऐसा करने से ही नवरात्रा आराधना की पूर्णता होगी। स्वामी कैलाशानंद गिरी के शिष्य स्वामी अंवतिकानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि चैत्र नवरात्र उत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर में विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हो रहे हैं।

# ग्रामीणों तक सामाजिक सुरक्षा योजनाएं पहुंचाने में अहम पहल, 80 हजार लोग लाभान्वित

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** बहादराबाद विकासखंड के ग्राम दुर्गागढ़ (शिवपुर) में संचालित एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस समर्थित परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हो रही है। वर्ष 2021 से शुरू हुई इस योजना के माध्यम से अब तक जिले के छह विकासखंडों में लगभग 70 से 80 हजार लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा चुका है। परियोजना के अंतर्गत ग्रामीणों को घर-घर जाकर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, जिससे वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री जनधन योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा सुकन्या समृद्धि योजना जैसी योजनाओं से आसानी से जुड़ पा रहे हैं। साथ ही लोगों को वित्तीय साक्षरता और धोखाधड़ी से बचाव के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। इस पहल का क्रियान्वयन हकदर्शक एंपावरमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है, जो घर-घर सेवाएं प्रदान करने और जागरूकता शिविर आयोजित करने के माध्यम से लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने में



महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हाल ही में आयोजित ग्राहक भ्रमण कार्यक्रम के दौरान परियोजना की प्रगति और प्रभाव का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर एक्सिस मैक्स लाइफ फाउंडेशन (कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) की ओर से मनीषा एवं दीवा तथा हकदर्शक की ओर से दीपिका मलिक अरोड़ा, राहुल शर्मा, राजीव रंजन, पोपिन कुमार और रेणु शर्मा उपस्थित रहे। विशेषज्ञों के अनुसार, इस प्रकार की पहलें ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

# शादी में तमंचा लहराने पर युवक को डांस करना पड़ा भारी, गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी,** थाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर जट में शादी समारोह के दौरान तमंचे पे डिस्को करना एक युवक को उस समय भारी पड़ गया जब डिस्को की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी वायरल वीडियो का सज्ञान लेकर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस के अनुसार गांव बहादुरपुर जट में बुधवार को शादी समारोह के दौरान एक युवक को तमंचे पे डिस्को करना उसे समय भारी पड़ गया जब किसी ने युवक की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी। सोशल मीडिया पर वीडियो का संज्ञान लेते हुए पथरी पुलिस ने आरोपी को बहादुरपुर जाट जाने वाले सड़क पर पानी की टंकी के पास से अभियुक्त रंजीत 19 वर्ष पुत्र जगपाल निवासी ग्राम खड़ंजा कुतुबपुर कोतवाली लक्सर को एक अवैध तमंचा 315 बोर मय एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पथरी थानाध्यक्ष मनोज नोटियाल ने बताया एक युवक शादी समारोह में तमंचा लहराते हुए डांस कर रहा था जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसका सज्ञान लेते हुए युवक को गिरफ्तार किया है। तथा आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी व्यवहारी श्रीमती गुलिस्ता पत्नी श्री अफसर निवासी जमालपुर खुर्द, बहादराबाद, तहसील व जिला हरिद्वार की एक संपत्ति जो स्थित खसरा नंबर 97 मि है और इसका कुल क्षेत्रफल 167.28 वर्गमीटर है ग्राम जमालपुर खुर्द, परगना ज्वालापुर, तहसील व जिला हरिद्वार है से संबंधित एक असल विक्रय पत्र जो उप निबंधक कार्यालय हरिद्वार में दिनांकित 13/12/2006 को पंजीकृत है जिसका बही नंबर-1, जिल्द नंबर 1881, पेज संख्या- 563-570, दस्तावेज संख्या 14031 है। इस विकय पत्र (बैनामा) के जरिये विक्रेता श्रेयांश कुमार पुत्र श्री ललित कुमार निवासी अतमलपुर बौंगला ने उक्त वर्णित संपत्ति को क्रेता श्रीमती अंजना पत्नी आदेश कुमार निवासी बहादरपुर सैनी, हरिद्वार को बेची थी। यह असल विक्रय पत्र वास्तव में कहीं खो गया है जो कि काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिल रहा है। इस संबंध में श्रीमती गुलिस्ता की ओर से पुलिस में गुमशुदगी दर्ज करायी गयी है। उक्त असल विक्रय पत्र को किसी व्यक्ति/ वित्तीय संस्थान/ बैंक/न्यायालय में बंधक नहीं रखा गया है और ना ही कोई भी दुरूपयोग किया गया है। यदि उक्त वर्णित असल विक्रय पत्र के बाबत किसी को भी कोई आपत्ति/ दावा हो तो अद्योहस्ताक्षरी को सात दिन के अंदर सूचित करें। सात दिनों के बाद भी प्रकार की आपत्ति/दावे पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। हरपाल सिंह पंवार, अधिवक्ता, चैम्बर नंबर 537 न्यायालय रोशनाबाद, हरिद्वार, संपर्क-8532892904, 9719274771

# उत्तराखंड संस्कृत विवि में सेमिनार एवं संस्कृति कवि सम्मेलन का आयोजन आज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखंड संस्कृत विवि, साहित्य अकादमी और गंगा सभा के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को विकसित भारत के निर्माण में संस्कृत युवा लेखकों का योगदान' विषय पर सेमिनार तथा अखिल भारतीय संस्कृत कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमाकांत पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम में संस्कृत शिक्षा सचिव दीपक कुमार गैरोला मुख्य अतिथी होंगे। शुक्रवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों को जानकारी देते हुए संस्कृत विवि के कुलपति प्रो. रमाकांत पांडेय ने बताया कि सेमिनार विश्वविद्यालय के सरस्वती सभागार में सवेरे 10 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें प्रो.राधावल्लभ त्रिपाठी एवं पद्मश्री प्रो.अभिराज राजेन्द्र मिश्र, प्रो. हरेकृष्ण सतपथी जैसे संस्कृत के दिग्गज विद्वान विशिष्ट अतिथी के रूप में शामिल होंगे। दोपहर 12 से 4 बजे तक आयोजित होने वाले अकादमिक सत्र के विभिन्न सत्रों में डा. उमा महेश्वर एन, डा. सुरचना त्रिवेदी, डा. पंकज कुमार झा, डा. ऋषिराज पाठक और डा.राजकुमार मिश्र सहित देशभर के अनेक विद्वान राष्ट्रीय शिक्षा नीति और आधुनिक भारत में रामायण की उपयोगिता जैसे कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। कुलपति प्रो.रमाकांत पांडेय ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत सायं




6:30 बजे से हरकी पैड़ी स्थित मालवीय द्वीप पर अखिल भारतीय संस्कृत कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से आए 20 प्रख्यात संस्कृत कवि अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान कार्यक्रम संयोजक प्रो.रामरत्न खंडेलवाल, प्रो.अरविंद्र नारायण मिश्र, डा.उमेश शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# संसार की परम शक्ति हैं मां भगवती : रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत डॉ. रविंद्रपुरी ने कहा कि मां भगवती की आराधना कभी निष्फल नहीं जाती। निरंजनी अखाड़े में नवरात्र आराधना के दूसरे दिन श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि मां भगवती संसार की परम शक्ति हैं। मां भगवती की आराधना से सदैव सकारात्मक फल की प्राप्ति होती है। इसलिए नवरात्रों में मां भगवती के सभी नौ स्वरूपों की पूर्ण विधि विधान से आराधना करनी चाहिए। नौ दिनों तक की गयी पूजा अर्चना और आराधना से मां भगवती प्रसन्न होती हैं और भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि धर्मनगरी हरिद्वार में मां मनसा देवी, मां चंडी देवी, मां



मायादेवी, मां दक्षिण काली के रूप में देवी भगवती विराजमान हैं। जो भक्त आदिशक्ति देवी भगवती की आराधना करते हैं। उनका निश्चित रूप से कल्याण होता है। भगवती की कृपा से परिवार में सुख समृद्धि का वास होता है। सभी कष्ट दूर होते हैं और प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होती है। इस दौरान निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी, महंत राजगिरी, अनिल शर्मा, सीमा शर्मा आदि मौजूद रहे।

# स्मैक समेत नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर स्मैक बरामद की है। एसएसपी के निर्देश पर नशा तस्करी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली स्तर पर टीमों का गठन किया गया है। निर्देशों के अनुपालन में एसआई समीप पाण्डेय ने सहयोगी पुलिस कर्मियों कांस्टेबल महावीर व कर्म के साथ ऊंचे पुल के समीप दुर्गा चौक पर चेकिंग के दौरान बाइक सवार फरहान उर्फ नन्नू पुत्र जावेद अली निवासी सोनिया बस्ती ज्वालापुर को रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 4.96 स्मैक बरामद हुई। स्मैक बरामद होने पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। साथ ही बाइक को भी सीज कर दिया।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**

ब्यूरो चीफ

**शाह टाइम्स हरिद्वार**

कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार

मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# मंत्रीमंडल विस्तार में क्षेत्रीय और जातीय संतुलन के साथ मिशन-2027 शामिल








लोकभवन में शुक्रवार को आयोजित मंत्रीमंडल विस्तार के तहत शपथग्रहण समारोह में राज्यपाल विधायक खजानदास, भरत सिंह चौधरी, मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा और राम सिंह कैड़ा को मंत्री पद की शपथ दिलाते हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहे।

## मंत्रिमंडल में गढ़वाल के 8 और कुमाऊं के चार मंत्री

■ चौथी बार कैबिनेट मंत्री बने मदन कौशिक
■ तीन विधायकों को पहली बार कैबिनेट मंत्री की जिम्मेदारी मिली

**एस. आलम अंसारी**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंत्रिमंडल का विस्तार कर दिया है। जिसके तहत मंत्रिमंडल में खाली पांचो पदों को भर दिया गया है। पहली बार हरिद्वार जिले से दो नेताओं को कैबिनेट में जगह मिली है। इसके साथ ही अब मंत्रिमंडल में गढ़वाल के आठ और कुमाऊं के चार मंत्री हो गए हैं। खास बात ये है कि तीन विधायकों को पहली बार कैबिनेट मंत्री की जिम्मेदारी मिली है। इनमें भारत सिंह चौधरी, राम सिंह कैड़ा और प्रदीप बत्रा के नाम शामिल हैं।

दो विधायक ऐसे हैं जो पहले भी मंत्री की जिम्मेदारी संभाल चुके है। हरिद्वार विधानसभा सीट से विधायक मदन कौशिक इन्हीं में से एक हैं। मदन कौशिक चौथी बार कैबिनेट मंत्री बने हैं।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे मदन कौशिक को भी धामी मंत्रिमंडल में जगह मिली है। शुक्रवार को जिन पांच नेताओं को मंत्रिमंडल में जगह मिली है, उसमें मदन कौशिक का एक ऐसा चेहरा हैं। जिन्हें हरिद्वार जिले में कद्दावर नेता के रूप में माना जाता है। खास बात यह है कि उत्तराखंड राज्य गठन के बाद प्रदेश में हुए सभी विधानसभा चुनाव में मदन कौशिक ने जीत दर्ज की है। चौथी बार सरकार में मदन कौशिक को कैबिनेट मंत्री की जिम्मेदारी सौंप गई है।

दरअसल, मदन कौशिक धामी मंत्रिमंडल में शामिल होने से पहले रमेश पोखरियाल (निशंक) के मंत्रिमंडल, भुवन चंद्र खंडूरी के मंत्रिमंडल और त्रिवेंद्र सिंह रावत के मंत्रिमंडल का हिस्सा रह चुके है। निशंक और खंडूरी सरकार में बतौर कैबिनेट मंत्री रहते हुए तमाम विभागों को संभाला था। त्रिवेंद्र सरकार में मदन कौशिक का कद काफी अधिक बड़ा था। त्रिवेंद्र सरकार के प्रवक्ता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी कौशिक को सौंपी गई थी।

### जिम्मेदारी को पूरी शिद्दत से निभाया जाएगा: कौशिक

नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि कार्यकर्ता के रूप में उनको जब भी कोई दायित्व सरकार या संगठन में मिला है, उसका निर्वाहन उन्होंने किया है। आज मंत्री के रूप में सरकार ने काम दिया है। वे इसे पूरी जिम्मेदारी से निभाएंगे। उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व के साथ ही प्रदेश नेतृत्व का धन्यवाद अदा किया। नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा वे मिलजुल कर प्रदेश के विकास के लिए काम करेंगे। सभी लोग पूरी रणनीति बनाकर चुनाव में उतरेंगे और भाजपा सरकार बनाएंगे।

### कैबिनेट विस्तार में साधा जातीय समीकरण

धामी सरकार ने अपने कैबिनेट विस्तार को जातीय गणित को साधने की कोशिश की है। एक विधायक अनुसूचित जाति, एक ब्राह्मण विधायक, दो ठाकुर विधायक और एक पंजाबी विधायक को मंत्री बनाया गया है। हालांकि क्षेत्रफल की दृष्टि से उत्तराखंड के सबसे बड़ा जनपद हर बार की तरह इस बार भी खाली रहा है। उत्तराखंड की धामी सरकार का शुक्रवार को कैबिनेट विस्तार किया है, जिसमें पांच विधायकों को जगह मिली हैं इसमें राजपुर सीट से विधायक खजान दास, रुड़की विधानसभा से विधायक प्रदीप बत्रा, हरिद्वार से पांच बार के विधायक मदन कौशिक, नैनीताल के भीमताल सीट से विधायक राम सिंह कैड़ा, रुद्रप्रयाग सीट से विधायक भरत चौधरी शामिल हैं। इस कैबिनेट विस्तार से धामी सरकार ने जातीय गणित को भी साधने की कोशिश की है। क्योंकि एक विधायक अनुसूचित जाति, एक ब्राह्मण विधायक, दो ठाकुर विधायक और एक पंजाबी विधायक को मंत्री बनाया गया है।इस कैबिनेट विस्तार को आगामी राजनीतिक समीकरणों और क्षेत्रीय संतुलन के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी नेतृत्व ने अनुभव और संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले नेताओं को मौका देकर स्पष्ट संकेत दिया है कि सरकार विकास और संगठन दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहती है। नई नियुक्तियों के साथ प्रदेश सरकार को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अब निगाहें इस बात पर होंगी कि नव-नियुक्त मंत्री अपने-अपने विभागों में किस तरह कार्य करते हुए जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरते हैं।

## मदन कौशिक : लगातार पांच बार के विधायक, चौथी बार मंत्री

**सैफ सलमानी**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड भाजपा के वरिष्ठ नेता और हरिद्वार विधानसभा सीट से लगातार पांच बार के विधायक मदन कौशिक को एक बार फिर प्रदेश मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। शुक्रवार को उन्होंने मंत्री पद की शपथ ली। छात्र राजनीति से अपने करियर की शुरुआत करने वाले मदन कौशिक का राजनीतिक सफर बेहद प्रभावशाली रहा है, जिसमें उन्होंने संगठन से लेकर सरकार तक कई अहम भूमिकाएं निभाई हैं।



मदन कौशिक के राजनीतिक जीवन की नींव 1985-86 में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष के रूप में पड़ी थी। इसके बाद उन्होंने हरिद्वार में बजरंग दल के जिला संयोजक के रूप में काम किया। साल 2000 में वे भाजपा के जिला महामंत्री और फिर जिला अध्यक्ष बने। उनकी सक्रियता और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें 2002 के पहले विधानसभा चुनाव में हरिद्वार सीट से उम्मीदवार बनाया, जहाँ से वे पहली बार विधायक चुने गए।

मदन कौशिक ने हरिद्वार विधानसभा सीट पर अपनी ऐसी पकड़ बनाई कि 2002, 2007, 2012, 2017 और फिर 2022 में भी लगातार जीत दर्ज की। 2012 से 2017 के बीच वे विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष भी रहे और सदन में मजबूती से अपनी बात रखते रहे।

कौशिक को सरकार चलाने का लंबा अनुभव है। उन्होंने 2007 से 2012 के बीच विद्यालयी शिक्षा, गन्ना विकास, आबकारी, नगर विकास और पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री के रूप में कार्य किया। वहीं 2017 में उन्हें शहरी विकास, आवास और जनगणना मंत्री बनाया गया। सरकार के साथ-साथ संगठन में भी उनका कद काफी ऊंचा रहा है; वे मई 2017 में सरकार के प्रवक्ता बने और मार्च 2021 में उन्हें उत्तराखंड भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मदन कौशिक को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने से हरिद्वार के स्थानीय कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। माना जा रहा है कि उनके अनुभव का लाभ आने वाले समय में प्रदेश के विकास और आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूती प्रदान करने में मिलेगा।

## मंत्रिमंडल विस्तार स्वागत योग्य कदम: बंसल



**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सहकोषाध्यक्ष एवं सांसद राज्यसभा डा. नरेश बंसल ने उत्तराखंड सरकार के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्रियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं है । डा. नरेश बंसल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केद्रीय नेतृव के मार्गदर्शन में पांच खाली पड़े मंत्री पद पर नियुक्ति की है जो एक स्वागत योग्य कदम है। डा. नरेश बंसल ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी की मौजूदगी मे आयोजित कार्यक्रम में विधायक खजान दास, भरत सिंह चौधरी, मदन कौशिक, राम सिंह कैड़ा और प्रदीप बत्रा को कैबिनेट मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ सभी नए कैबिनेट मंत्रियों को नव दायित्व की बधाई और सफल कार्यकाल के लिए अनंत शुभकामनाएँ दी।

## दूसरी बार कैबिनेट मंत्री बने खजान दास

■ बोले- समय कम, काम ज्यादा, जनता के बीच में जाकर समस्याओं का निराकरण करने की कोशिश करेंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड की धामी सरकार में शुक्रवार को हुए कैबिनेट विस्तार में देहरादून जिले की राजपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक खजान दास पर पार्टी ने भरोसा जताते हुए उन्हें भी कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। ये दूसरा मौका है, जब खजान दास ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली है। खजान दास इससे पहले भी उत्तराखंड के डॉ रमेश पोखरियाल निशंक सरकार में शिक्षा मंत्री रह चुके हैं। दूसरी बार कैबिनेट मंत्री बनने के बाद खजान दास ने कहा कि पार्टी की ओर से उनको जो जिम्मेदारी दी जाती है, इसका बखूबी निर्वहन करते हैं।इसी क्रम में पार्टी ने उन्हें कैबिनेट मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है, जिसके लिए केंद्रीय नेतृत्व और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद देते हैं। सरकार ने जिस भरोसे के साथ जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसको बखूबी पूरा करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि वो इस बात को मान रहे हैं कि समय कम है और काम ज्यादा है, लेकिन जनता के बीच में जाना पड़ेगा और वो जनता की समस्याओं का निराकरण करने की कोशिश करेंगे।ऐसे में उनकी यही कोशिश होगी कि वो कोई ऐसा काम न करें जिसे कहीं पर भी सरकार पर कोई लांछन लगे।साथ ही कहा कि मंत्री रहकर उनका जो पहले अनुभव रहा है, उसी पर नियमित रूप से वो आगे बढ़ेंगे।



## प्रदीप बत्रा पहली बार हुए कैबिनेट में शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड की धामी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में लंबे समय से खाली चले आ रहे पांचों पदों को भर दिया गया है। सरकार का यह फैसला आगामी साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण मानी जा रहा है। धामी मंत्रिमंडल का विस्तार करने के साथ राज्य सरकार ने क्षेत्रीय और राजनीतिक संतुलन को भी साधने का प्रयास किया है। रुड़की विधानसभा सीट से विधायक प्रदीप बत्रा पर राज्य सरकार ने भरोसा जताया है। शुक्रवार को लोकभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान राज्यपाल ने विधायक प्रदीप बत्रा को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई।



■ कैबिनेट मंत्री बनने के बाद बोले रुड़की विधायक, सरकारी योजनाओं को घर घर पहुंचाने की कोशिश रहेगी

रुड़की विधानसभा सीट से भाजपा विधायक प्रदीप बत्रा का राजनीतिक सफर भी काफी दिलचस्प रहा है। रुड़की से विधायक प्रदीप बत्रा ने स्थानीय राजनीति से शुरुआत की। उन्होनें नगर निकाय से लेकर विधानसभा तक अपनी पहचान बनाई। वे पहले कांग्रेस से जुड़े रहे, लेकिन बाद में भाजपा में शामिल होकर अपनी राजनीतिक स्थिति को और मजबूत किया।

क्षेत्रीय मुद्दों जैसे शहरी विकास, जल निकासी और व्यापा. रिक हितों को लेकर वे लगातार सक्रिय रहे हैं। उनकी जनसंपर्क शैली और क्षेत्र में मजबूत पकड़ उन्हें एक प्रभावी जनप्रतिनिधि बनाती है। कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि वे नई जिम्मेदारी के लिए केंद्रीय नेतृत्व और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद करते हैं। केंद्रीय नेतृत्व और सीएम धामी ने उन्हें आशीर्वाद दिया है। ऐसे में वह इस प्यार और आशीर्वाद के ऋण को सेवा करके चुकाएंगे।

## राम सिंह कैड़ा: कॉलेज से कैबिनेट मंत्री तक

**शाहवेज खान**

**हल्द्वानी।** धामी सरकार में कैबिनेट मंत्री बने कुमाऊं के नैनीताल जिले की भीमताल विधानसभा सीट से दूसरी बार के विधायक राम सिंह कैड़ा का सियासी सफर कॉलेज से शुरू हुआ। आज उन्होने आज उन्होंने मंत्री पद की शपथ ली। कैड़ा शुरू में कांग्रेस से जुड़े रहने वाले कैड़ा एमबीपीजी कॉलेज में छात्रसंघ अध्यक्ष रहे हैं। इसके बाद कैड़ा ने क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीता। उनकी पत्नी भी ब्लॉक प्रमुख बनीं। 2017 में कैड़ा को जब कांग्रेस ने टिकट नहीं दिया तो उन्होने निर्दलीय चुनाव लड़ा और पहली बार बम्पर वोटों से भीमताल सीट पर जीत दर्ज की। निर्दलीय विधायक की भूमिका में कैड़ा की भाजपा से नजदीकियां बढ़ीं। इसका परिणाम यह रहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में कैड़ा पर भाजपा ने भरोसा जताया और टिकट देकर फिर से कैड़ा को भीमताल से मौका दिया। कैड़ा भाजपा ही नहीं भीमताल की जनता की उम्मीदों पर खरे उतरे और जीत दर्ज कर दुबारा विधायक चुने गए। कैड़ा के रूप में लंबे इंतजार के बाद कुमाऊं को कैबिनेट मंत्री मिला है। कैड़ा के कैबिनेट मंत्री बनने के बाद से नैनीताल जनपद तथा भीमताल विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है।



■ कुमाऊं के कई दिग्गज विधायकों पर मिली तरजीह, 2017 में कांग्रेस ने टिकट नहीं दिया था तो निर्दलीय भीमताल से जीते
■ 2022 में भाजपा के टिकट पर दुबारा बने विधायक

यहां एक बात और काबिले गौर यह है कि राम सिंह कैड़ा को कुमाऊं मंडल के कई दिग्गज भाजपा विधायकों पर तवज्जो मिली है। बंशीधर भगत, बिशन सिंह चुफाल, अरविंद पांडे जैसे बड़े चेहरे कैबिनेट में शामिल होने से वंचित रहे हैं। इसके पीछे जो वजह राजनीतिक जानकार मानते हैं वो यह है कि कैड़ा न सिर्फ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बल्कि केन्द्रीय और प्रदेश भाजपा नेतृत्व के काफी करीब रहे। युवा और तेज तर्रार चेहरा हैं। अपनी विधानसभा भीमताल में मजबूत पकड़ रखते हैं। विधायक रहते भीमताल की समस्याओं को सदन में प्रमुखता से उठाते रहने वाले राम सिंह कैड़ा को आज इन्हीं सबका इनाम मिला है।

## मंत्रिमंडल विस्तार से विकास और जनकल्याण के प्रयासों को मिलेगी गति: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने मंत्रिमण्डल विस्तार का स्वागत करते हुए इसे राज्य में विकास और जनकल्याण के प्रयासों को मजबूती देने वाला बताया है।



■ संतुलित मंत्रिमंडल के लिए प्रदेशवासियों की तरफ से सीएम धामी, केंद्रीय नेतृत्व का आभार

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने सभी नए मंत्रियों को शुभकामनाएं देते हुए समस्त कार्यकर्ताओं की तरफ से मुख्यमंत्री धामी और केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने मीडिया में दी प्रतिक्रिया में कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार, प्रदेश को चौमुखी विकास और जनकल्याण के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ा रही है। विगत वर्षों में मंत्रिमंडल में कुछ स्थान रिक्त चल रहे थे, जिसकी आज केंद्रीय नेतृत्व की सहमति से पूर्ति की गई है। उन्होंने आज जिनको कैबिनेट में जिम्मेदारी दी गई, ऐसे खजान दास, भरत चौधरी, मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा, राम सिंह कैड़ा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही विश्वास है कि सभी मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश के सर्वांगीण विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे।

उन्होंने समस्त कार्यकर्ताओं एवं प्रदेशवासियों की तरफ से मंत्रिमंडल विस्तार के लिए मुख्यमंत्री धामी एवं केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। साथ ही मंत्रिमंडल के नए स्वरूप को क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन के अनुरूप बताया। जो प्रदेश में विकास एवं जनकल्याण के कामों को अधिक गति प्रदान करने में सक्षम साबित होगा। उन्होंने कहा, मंत्रिमंडल की पूर्णता के बाद अब इस एक वर्ष में हमें चौगुनी गति से विकास एवं जनकल्याण के कामों को आगे बढ़ाना है। नए मंत्रियों के आने से जनहित के कामों और जनसमस्या निवारण में सरकार अधिक प्रभावी साबित होगी। चूंकि ये अंतिम वर्ष है, तो उसका लाभ पार्टी को चुनावों में अवश्य मिलने वाला है।

### टॉयसा 2025 में होगा भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का अभिनंदन

**देहरादून।** टॉयसा का आठवाँ संस्करण 21 मार्च को सेंट्रम होटल, लखनऊ में आयोजित होगा, जहां वर्ष भर के भारतीय खेल प्रदर्शन को एक मंच पर सम्मानित किया जाएगा।

क्रिकेट में शुभमन गिल, केएल राहुल और स्मृति मंधाना जैसे खिलाड़ी नामांकित हैं, जबकि हॉकी में हरमनप्रीत सिंह और अमित रोहिदास प्रमुख दावेदारों में शामिल हैं। एथलेटिक्स में नीरज चोपड़ा और पारुल चौधरी जैसे नाम भी चर्चा में हैं। यह पुरस्कार समारोह भारतीय खेलों की विविध उपलब्धियों का समग्र प्रतिबिंब है। पहली बार यह समारोह आम जनता के लिए भी खुला रहेगा, जिससे इसकी पहुंच और प्रभाव और व्यापक होने की उम्मीद है।

## चौधरी को लंबे राजनीतिक अनुभव और जनसेवा का मिला प्रतिफल

**रोहित डिमरी**

**रुद्रप्रयाग।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मंत्रिमंडल में रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी को शामिल किया गया है। उनके मंत्रिमंडल में शामिल होने से जनपद रुद्रप्रयाग में खुशी की लहर है। लंबे समय से सक्रिय राजनीति और सामाजिक कार्यों में योगदान देने वाले चौधरी को यह जिम्मेदारी उनके अनुभव और जनसमर्पण का परिणाम माना जा रहा है।

■ धामी मंत्रिमंडल में रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी शामिल, साधारण पृष्ठभूमि से राजनीति तक का सफर, छात्र राजनीति से हुई शुरुआत

भरत सिंह चौधरी का जन्म वर्ष 1959 में तत्कालीन चमोली जिले की रानीगढ़ पट्टी के गडबू गांव में हुआ। उनके पिता स्वर्गीय सुबेदार छोटाण सिंह चौधरी थे। प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय घोलतीर से प्राप्त करने के बाद उन्होंने इंटरमीडिएट की शिक्षा राजकीय इंटर कॉलेज गौचर (चमोली) से पूरी की। इसके पश्चात डीएवी कॉलेज देहरादून से बीए एलएलबी की डिग्री हासिल की।

राजनीतिक जीवन की शुरुआत उन्होंने छात्र जीवन से की। वर्ष 1979 से 1982 तक वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहे। इसके बाद वर्ष 1985 में साधन सहकारी समिति मिनी बैंक नगरासू के अध्यक्ष बने। वर्ष 1988 में ग्राम पंचायत मरोड़ा के प्रधान और 1990 में जिला परिषद चमोली के सदस्य चुने गए। भरत सिंह चौधरी ने वर्ष 1993 और 1996 में कर्णप्रयाग विधानसभा क्षेत्र (तत्कालीन उत्तर प्रदेश) से चुनाव लड़ा। वर्ष 2002 में उत्तराखण्ड गठन के बाद भी उन्होंने कर्णप्रयाग से चुनावी मैदान में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वर्ष 2007 और 2012 में रुद्रप्रयाग विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा।

वर्ष 2013 में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। वर्ष 2017 में भाजपा प्रत्याशी के रूप में रुद्रप्रयाग विधानसभा से चुनाव जीतकर पहली बार विधायक बने। उन्होंने करीब 30 हजार वोट हासिल कर अपने निकटतम कांग्रेस प्रत्याशी को लगभग 15 हजार मतों से पराजित किया। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने अपने पिछले प्रदर्शन को और बेहतर करते हुए 30 हजार से अधिक मत प्राप्त कर दोबारा जीत दर्ज की। वर्तमान में वे उत्तराखण्ड विधानसभा की विभिन्न समितियों में सदस्य हैं और संस्कृत भाषा प्रोत्साहन समिति के सभापति भी हैं। मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद अब भरत सिंह चौधरी के सामने जनपद रुद्रप्रयाग सहित पूरे प्रदेश की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की चुनौती होगी। क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों पर उनके अनुभव का लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

**विधायक का विवादों से भी रहा नाता:** विधायक भरत सिंह चौधरी का विवादों से भी नाता रहा है। पिछले साल बद्रीनाथ हाईवे के तिलणी में महिलाओं के प्रदर्शन के दौरान उनकी एक बात ने महिलाओं में आक्रोश पैदा कर दिया। विधायक ने जब यह कहा कि उनकी वोट से विधायक नहीं बने हैं तो महिलाएं आक्रोशित हो गई और इस उन्होंने राजमार्ग पर जमकर हंगामा काटा। इसके बाद बच्छणस्यूं में आयोजित मेले के दौरान विधायक ने भरे मंच से कहा कि, जो अधिकारी भरत चौधरी की नहीं सुनेगा, वह उनके जूते की सुनेगा।

# रुड़की से विधायक को पहली बार मिली राज्य कैबिनेट में जगह

## विधायक प्रदीप बत्रा को सीएम धामी ने अपनी सरकार में बनाया कैबिनेट मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पुष्कर सिंह धामी सरकार के कैबिनेट विस्तार में आखिरकार राज्य कि किसी भी सरकार में पहली बार रुड़की के विधायक को कैबिनेट में जगह मिली है भले ही अब सरकार का एक साल का कार्यकाल रहा हो लेकिन राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी कैबिनेट में रुड़की से विधायक प्रदीप बत्रा को अपने कैबिनेट में जगह देकर रुड़की क्षेत्र का मान-सम्मान जरूर बढ़ा दिया है प्रदीप बत्रा के कैबिनेट में शामिल होने पर उनके समर्थकों व क्षेत्र की आवाम मे खुशी की लहर है। हालांकि अभी यह तय नहीं हो पाया कि प्रदीप बत्रा को कौन विभाग मिलेगा लेकिन बतौर कैबिनेट मंत्री शपथ डिलार रुड़की क्षेत्र व विधायक का रुतबा जरूर बढ़ा दिया है।

गौरतलब है कि उत्तराखंड राज्य गठन के बाद से उत्तराखंड में भले ही सरकार कांग्रेस की रही हो या फिर भाजपा की बदलती रही हो लेकिन राज्य सरकार में रुड़की से किसी भी विधायक को आज तक कैबिनेट में जगह नहीं दी गई थी हरिद्वार से मदन कौशिक लगातार भाजपा सरकार में मंत्री रहे थे धामी की सरकार में .मदन कौशिक को अब तक कैबिनेट से बाहर रखा गया यह साफ-साफ चेक है कि हरिद्वार जनपद की पूरी तरह अपेक्षा रही। लेकिन अब धामी सरकार ने उन्हें फिर से कैबिनेट बनकर मदन कौशिक के वजूद को कायम रखा। लेकिन रुड़की क्षेत्र की हमेशा अपेक्षा रही है।भाजपा की सरकार रही या फिर कांग्रेस की सरकार रही रुड़की के विधायक को कैबिनेट में अब तक कोई जगह नहीं दी गई थी हरिद्वार जनपद से कैबिनेट मंत्री के तौर पर मदन कौशिक का ही नाम हमेशा रहा है। लेकिन अब पुष्कर सिंह धामी सरकार ने अपने आखिरी वक्त पर कैबिनेट के विस्तार में रुड़की से विधायक प्रदीप बत्रा को बतौर कैबिनेट मंत्री शपथ दिलवाकर विधायक प्रदीप बत्रा व रुड़की क्षेत्र का मान न सम्मान बढ़ा दिया है।



प्रदीप बत्रा की सियासी पारी की बात करें तो प्रदीप बत्रा पहले कांग्रेस से ही रुड़की नगर पालिका के चेयरमैन बने और फिर अध्यक्ष रहते हुए ही वह 2012 में कांग्रेस के सिंबल पर ही विधायक चुने गए। 2017 के चुनाव में विधायक ने कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया और वह भगवा चोला पहनकर 2017 में विधायक चुने गए उसके बाद 2022 के चुनाव में प्रदीप बत्रा के खिलाफ भाजपा में ही जबरदस्त माहौल रहा लेकिन जोड़-तोड़ के जरिए 2022 में भी भाजपा से ही प्रदीप बत्रा विधायक बनने में कामयाब रहे। अब 2022 में फिर से पुष्कर सिंह धामी को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया तो प्रदीप बत्रा भी धामी के करीब चले गए और शुरू से ही कैबिनेट में जगह बनाने के लिए जोड़-तोड़ करते रहे लेकिन शुरुआती कैबिनेट में प्रदीप बत्रा को जगह नहीं मिली तो भाजपा के दिग्गज नेता हरिद्वार विधायक मदन कौशिक को भी जगह नहीं मिल पाई थी। और तो और अब तक धामी की कैबिनेट में हरिद्वार जनपद से ही अभी तक कोई कैबिनेट में शामिल नहीं हो पाया था लंबे वक्त से कैबिनेट के विस्तार की चर्चा चल रही थी तो पहले जाहरी तौर पर मदन कौशिक का ही नाम आता था पर विधायक प्रदीप बत्रा भी लगातार कैबिनेट में शामिल होने के लिए जोड़-तोड़ करते आ रहे थे और हर मौके पर पुष्कर सिंह धामी कोअपनी वफादारी भी साबित करते आ रहे थे। जैसा कि आप सियासी हालत दिखाई दे रहे हैं कि 2027 का विधानसभा चुनाव भी मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में ही लड़ा जाना है और हरिद्वार जनपद में भाजपा के मुकाबले कांग्रेस काफी मजबूत है विधायकों की संख्या भी भाजपा का मुकाबला कांग्रेस की कहीं ज्यादा है इसलिए धामी ने अपने कैबिनेट का विस्तार किया तो जनपद हरिद्वार से एक नहीं दो - दो विधायकों को कैबिनेट मंत्री पद की शपथ दिलाई गई यानी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुड़की से प्रदीप बत्रा व हरिद्वार से मदन कौशिक को बतौर कैबिनेट मंत्री शपथ दिलाकर हरिद्वार जनपद में भाजपा की सियासी जमीन मजबूत करने की कोशिश की है। अब जनपद में कांग्रेस के मुकाबले भाजपा जमीनी स्तर पर कितनी मजबूत होगी यह तो चुनाव के दौरान ही साफ होगा कि हरिद्वार विधायक मदन कौशिक व रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा को अपनी सरकार में बतौर कैबिनेट मंत्री शामिल करके जमीनी स्तर पर भाजपा को 2027 के चुनाव में कितना लाभ मिलेगा। अब 2027 के विधानसभा चुनाव में विधायक प्रदीप बत्रा व हरिद्वार विधायक मदन कौशिक का बतौर कैबिनेट मंत्री कार्यकाल ही तय करेगा की आवाम के दिलों में बतौर कैबिनेट मंत्री में यह अपनी कितनी छाप छोड़ पाते हैं। लेकिन पुष्कर सिंह धामी ने रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा को अपने कैबिनेट में शामिल करके विधायक प्रदीप बत्रा का रुतबा बढ़ाने के साथ रुड़की क्षेत्र का मान सम्मान जरूर बढ़ा दिया है।

> ❖बत्रा को राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर समर्थकों व क्षेत्र में खुशी की लहर
> ❖वर्ष 2012 के चुनाव में कांग्रेस के सिंबल पर बने थे विधायक
> ❖2017 में कांग्रेस छोड़कर भगवा चोला पहनकर बने थे विधायक और अब तक भाजपा के रहे हैं वफादार

# यूजर चार्ज के विरोध में व्यापार मंडल का प्रदर्शन

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नाम जेएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल उत्तराखंड के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नगर निगम रुड़की द्वारा लगाए गए यूजर चार्ज के विरोध में आवाज उठाते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नाम संबोधित ज्ञापन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की को सौंपा।

ज्ञापन में व्यापार मंडल ने स्पष्ट रूप से कहा कि नगर निगम द्वारा निवासियों एवं व्यापारियों पर मनमाने तरीके से यूजर चार्ज थोपना पूरी तरह अनुचित और दमनकारी है। उन्होंने कहा कि यह चार्ज किसी भी आधारख्रचाहे भवन, आवास या व्यापारिक प्रतिष्ठानख्र पर स्वीकार्य नहीं है और इसे तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाना चाहिए। साथ ही इस संबंध में जारी आदेश एवं गजट नोटिफिकेशन को भी अविलंब वापस लेने की मांग की गई।व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि नगर निगम के पास कूड़ा उठान के लिए पर्याप्त संसाधन पहले से मौजूद हैं। नगर क्षेत्र से निकलने वाले कूड़े के निस्तारण के लिए पर्याप्त वाहन और कर्मचारी उपलब्ध हैं, ऐसे में थर्ड पार्टी को शामिल कर यूजर चार्ज लगाना किसी भी दृष्टि से तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने इसे नगरवासियों के साथ धोखा करार दिया। इसके साथ ही व्यापार मंडल ने नगर निगम द्वारा लगाए गए व्यावसायिक कर को भी समाप्त करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि बीते वर्ष भवन कर में की गई 5 प्रतिशत वृद्धि को भी तत्काल वापस लिया जाना चाहिए, क्योंकि इससे आम जनता और व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। व्यापार मंडल ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक यूजर चार्ज और अन्य करों को समाप्त नहीं किया जाता, उनका आंदोलन लगातार जारी रहेगा और इसे और व्यापक रूप दिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में नवीन गुलाटी (प्रदेश महामंत्री), राम गोपाल कंसल (संयोजक), धीर सिंह अध्यक्ष कविस मित्तल अमित अग्रवाल विशाल वर्मा, भारत कपूर ऋषभ कपूर, मनोज मेहरा सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।



# निर्बल आवास योजना से बने 84 भवनों पर गहराया संकट, हाईकोर्ट ने एक सप्ताह में मांगा जवाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** खलिहान और तालाब की भूमि पर बने सरकारी भवनों को हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी न तोड़े जाने को लेकर हाईकोर्ट की डबल बेंच में दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित ने राज्य सरकार के अधिवक्ता के प्रार्थना पत्र पर एक सप्ताह का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल को होगी।

साल 2011 में समेकित निर्बल आवास योजना अंर्तगत लंढौरा में खसरा नंबर 780 पर करीब 12 करोड़ रुपये की लागत से 240 सरकारी भवनों का निर्माण शुरू किया गया था। इसी दौरान लंढौरा निवासी एक व्यक्ति ने हाईकोर्ट में रिट दायर कर सरकारी भवनों के खलियान और तालाब की भूमि निर्माण होने की बात कही थी। वर्ष 2015 में हाई कोर्ट ने खलियान और तालाब की भूमि पर बनाये गए सरकारी भवनों को ध्वस्त करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद नगर पंचायत की ओर से सरकारी भवनों का निर्माण सही बताते हुए डबल बैंच में अपील की थी। साल 2018 में हाईकोर्ट ने नगर पंचायत की रिट को खारिज करते हुए नगर पंचायत को हाईकोर्ट की सिंगल बेंच द्वारा दिए गए आदेश को यथास्थिति रखते हुए भवनों को तोड़ने के निर्देश दिए थे। मगर जनप्रतिनिधियों व नगर पंचायत अधिकारियों की हिलावली के चलते मामला पेंडिंग मे पड़ गया था। मामले को लेकर गत वर्ष लंढौरा निवासी तौसीफ मलिक ने आयोग में शिकायत की थी। आयोग के निर्देश के बाद तौसीफ मलिक ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका डालते हुए राज्य सरकार द्वारा हाईकोर्ट के आदेशों का पालन न करने की बात कही थी। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित ने खसरा नंबर 780 पर बने भवनों को तोड़ने के आदेश दिए है। फिलहाल राज्य सरकार के अधिवक्ता की और से हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर एक सप्ताह का समय मांगा गया है। हाईकोर्ट मामले की सुनवाई 8 अप्रैल को करेगी। इस बाबत पुछे जाने पर अधिशासी अधिकारी हेमंत गुप्ता ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा एक सप्ताह के भीतर हाईकोर्ट में अपना जवाब दावा दाखिल किया जाएगा। वही हाईकोर्ट द्वारा सरकारी भवनों को तोड़ने के आदेश के बाद एक बार फिर मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।



## चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़कर उसके पास से चाकू बरामद किया।

पुलिस के अनुसार गुरुवार रात को किशनपुर गांव के पास एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन उसे दबोच लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम सेवा राम निवासी बिजनौर बताया। वहीं वरिष्ठ उप निरीक्षक अंकुर शर्मा ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

# हत्या के प्रयास में फरार शातिर तमंचे सहित दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंग नहर पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित चल रहे एक शातिर अपराधी को तमंचे सहित धर दबोचा जिसने युवक पर जान से मारने की नीयत से फायर किया था।

जानकारी के अनुसार संजय मौर्या पुत्र जसवन्त सिंह निवासी अम्बर तलाब, रुडकी, कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार ने थाने पर आकर सूचना दी कि दीपेन्द्र कुमार रात्री में अपना कार्य पूर्ण कर अपने घर की तरफ जा रहा था तो रास्ते में घनश्याम पेन्टर (पुरानी तहसील रुड़की) के घर के सामने दीपेन्द्र कुमार पहुंचा तो पीछे से भागता हुआ एक लडका जिसका नाम कृष्णा अग्रवाल उर्फ कन्हैया पुत्र सुनील उर्फ काका है उसने दीपेन्द्र कुमार को पीछे से अपने हाथ में लिये देशी तमन्चे से जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुऐ तुरंत थाना हाजा पर मुकदमा अपराध संख्या 104/2026 अन्तर्गत धारा 109, बीएनएस व 3/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत किया गया था जनपद मे बढ रही आपराधिक घटनाओ पर अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार के निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा अभियुक्त की जल्द गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन किया गया ठोस पतारसी सुरागरसी के जरिये घटना के दिन से ही फरार चल रहे अभियुक्त कृष्णा अग्रवाल उर्फ कन्हैया पुत्र सुनील उर्फ काका को दिनांक 19.03.2026 को उ0नि0 नवीन कुमार मय पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त कृष्णा अग्रवाल उर्फ कन्हैया पुत्र सुनील उर्फ काका निवासी 446, प0अ0 तालाब कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार को माधोपुर अण्डरपास के पास से एक देशी तमंचे के साथ गिरफ्तार किया बरामदगी के आधार पर धारा 3/25 शस्त्र अधि0 का इजाफा किया गया। अभियुक्त को आज माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम-उ0नि0 नवीन कुमार कोतवाली गंगनहर, हे0का0 दुर्गा प्रसाद कोतवाली गंगनहर, का0 राकेश राणा कोतवाली गंगनहर।



# बसेड़ी खादर में जुमे की नमाज पर मांगी देश में अमनो अमान की दुआएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर के बसेड़ी खादर में रमजान-उल-मुबारक के आखिरी शुक्रवार यानी अलविदा जुमा की नमाज पूरी अकीदत और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस अवसर पर हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिदों में एकत्र होकर नमाज अदा की औरबारगाहे-इलाही में देश में अमन-चौन, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मांगी।

इंसानियत और मदद का संदेशमदीना मस्जिद के इमाम मोहम्मद शमशाद ने नमाज के उपरांत खुतबे में रमजान की अहमियत पर रोशनी डाली। उन्होंने कहामदद का जज्बा: रमजान का महीना हमें जकात और फितरा के जरिए गरीबों व पड़ोसियों की मदद करना सिखाता है, जो अल्लाह को बेहद पसंद हैनेक राह: हर इंसान को ईमानदारी से अपना काम करना चाहिए और अल्लाह के बताए नेक रास्ते पर चलते हुए किसी को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिएईद की मुबारकबाद: उन्होंने क्षेत्रवासियों को ईद-उल-फितर की अग्रिम बधाई देते हुए अपील की कि कल ईद का त्योहार आपसी भेदभाव भुलाकर हंसी-खुशी और मिल-जुलकर मनाएंपुलिस प्रशासन की भूमिका की सराहनाइमाम मोहम्मद शमशाद ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि जिस तरह हर वर्ष पुलिस मुस्तैदी से सुरक्षा सुनिश्चित करती है, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने भरोसा जताया किभारत की खूबसूरती यही है कि यहाँ सभी मिल-जुलकर त्योहार मनाते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि पुलिस प्रशासन की सक्रियता के चलते कल ईद का पर्व भी बिना किसी विवाद और दंगे के सकुशल संपन्न होगाबैठक और नमाज के दौरान स्थानीय लोगों ने भी पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का संकल्प दोहराया ताकि क्षेत्र में गंगा-जमुनी तहजीब कायम रहे।

## वर्षा से बिजली व्यवस्था चरमराई, लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर में शुक्रवार सुबह से हो रही बारिश ने बिजली व्यवस्था की पोल खोल दी। हल्की से मध्यम बारिश के चलते शहर के कई इलाकों में बिजली लाइनों में फाल्ट आ गया, जिससे आपूर्ति बाधित हो गई। स्थिति यह रही कि कहीं चार घंटे तो कहीं छह घंटे तक बिजली गुल रही, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।बारिश शुरू होते ही विभिन्न क्षेत्रों से बिजली कटौती की शिकायतें आने लगीं। नगर के ब्रहम्पुर बिजलीघर के क्षेत्र समेत अन्य कई इलाकों में लाइनों में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते संबंधित फीडरों को बंद करना पड़ा। बिजली न होने से घरों में पानी की समस्या भी खड़ी हो गई, वहीं व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर भी इसका असर पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर बार बारिश के दौरान बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है, लेकिन इसके स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। उनका कहना था कि अभी तो यह गर्मियों की ही बारिश है, बिजली व्यवस्था की यही स्थिति रही तो आगे बरसात में स्थिति बेहद ज्यादा खराब हो जाएगी। वहीं बारिश कई मोहल्लों में लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा, जबकि विभाग की ओर से कोई स्पष्ट सूचना भी नहीं दी गई।

## लगातार हो रही बारिश से किसानों के चेहरे मुरझाए

**रुड़की।** लगातार हो रही बारिश से किसानों के चेहरे मुरझाने लगे हैं। किसानों को आशंका है कि यदि मौसम बिगड़ा और ओलावृष्टि हुई तो तैयार फसल को भारी नुकसान हो सकता है। किसान अनिल चौधरी निवासी रुहालकी दयालपुर ने बताया कि इस समय खेतों में गेहूं और सरसों की फसल तैयार खड़ी है, लेकिन लगातार बादल छाए रहने से चिंता बढ़ गई है। उन्हें डर है कि गरज के साथ ओले पड़ने पर फसल खराब हो सकती है। वहीं एक किसान ने बताया कि बारिश से जहां गन्ने की फसल को कुछ लाभ मिल रहा है, वहीं सरसों की फसल को नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है।

**संबंध विच्छेद सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र सहबान व पुत्रवधू तसमीन हमारे कहने सुनने मे नही है इसलिए सहबान व तसमीन को में अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। आज के बाद उक्त के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**जमील पुत्र अख्तर नि. खेलडी तहसील भगवानपुर हरिद्वार।**

**अदालती सूचना**

**नोटिस प्रकाशन सूचना**

**न्यायालय श्रीमान चकबन्दी अधिकारी महोदय रूडकी जिला हरिद्वार।**

वाद स० 277 सन 2025-2026 ई० नियाज अहमद **बनाम** भूरी

वाद स० 276 सन 2025-2026 ई० भूरी **बनाम** सरकार

अर्न्तगत धारा 12 जोत चकबन्दी अधिनियम मौजा सुलतानपुर साबतवाली ,परगना भगवानपुर तहसील रूडकी जिला हरिद्वार। नाजिम व वाजिद पुत्रगण श्री नियाज अहमद निवासीगण ग्राम खजूरी परगना तहसील भगवानपुर जिला हरिद्वार को तामिल हेतू। उक्त वाद मे प्रतिवादीगण को तामिल नही हो पायी है। अत: इस नोटिस सूचना प्रकाशन के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 27.03.2026 ई० को अपने पक्ष पैरवी हेतू न्यायालय के उपस्थित होवे। अगर सूचना प्रकाशन के उपरान्त भी आप न्यायालय मे उपस्थित नही होते है तो यह मानते हुये कि आप को इस सम्बन्ध मे कुछ नही कहना है। न्यायालय द्वारा समुचित आदेश पारित करे दिये जायेंगे। चकबंदी अधिकारी (द्वितीय) रुड़की।

# अमन के साथ अदा की गई रमजान के अलविदा जुमे की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मुकद्दस रमजान के अलविदा जुमा की नमाज नगर की जामा मस्जिद सहित अनेक मस्जिदों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अकीदत के साथ अदा की गई। आज सुबह से हो रही बूंदाबांदी के चलते अधिकतर लोगों ने अपनी-अपनी मस्जिदों में ही अलविदा जुमा की नमाज पढ़कर शांति, खुशहाली और अमनों-सलामती की दुआएं मांगी।

नगर की प्रमुख जामा मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज मुफ्ती मोहम्मद सलीम ने अदा कराई तथा नमाज से पहले मौलाना अजहर उल हक ने अपना बयान करते हुए कहा कि रमजान का महीना अब पूरा हो रहा है,यह महीना बहुत ही बाबरकत वाला महीना होता है।इस महीने में एक ऐसी रात भी आती है,जिसकी इबादत हजार महीनों की बराबर होती है।उन्होंने कहा कि अल्लाह ताला ने इस महीने में रोजे हम पर फर्ज किये हैं।इस महीने में फर्ज का सवाब दूसरे महीनों से सत्तर गुना ज्यादा होता है।यह महीना सब्र का है और सब्र का बदला जन्नत है।इस महीने में मोमिनों का रिज्क बढ़ा दिया जाता है,जिसने किसी रोजेदार का रोजा खुलवा दिया तो उसके गुनाह माफ कर दिए जाते हैं और उसे दोजख से आजाद कर दिया जाता है।रोजा खुलवाने वाले को रोजा रखने वाले के बराबर ही सवाब होता है।रोजा खोलने वालों के सवाब में कोई कमी नहीं आती।कहा कि रोजेदार को कयामत में हौज ए कौसर से पानी पिलाया जाएगा फिर उसकी जन्नत में दाखिल होने तक प्यास नहीं लगेगी।मस्जिद रहीमिया के इमाम मोहम्मद हारुन ने रमजान उल मुबारक की फजीलत बयान की।कहा कि पूरे महीने के रोजे रखने के बाद ईद उल फितर मनाई जाती है।ईद अल्लाह से ईनाम लेने का दिन है।उन्होंने बताया कि नमाज से पहले हर मुसलमान के लिए फित्रा देना जरूरी होता है।फित्रा की कीमत पोने दो किलो अनाज या उसकी कीमत के बराबर रुपए गरीबों या जरूरतमंदों को दी जाती है।बताया कि इस बार यह रकम पचास रुपए तय की गई है।उन्होंने कहा कि सुबह जल्दी उठकर फजिर की नमाज अदा करने,खुद की सफाई और कपड़े वगैरा तैयार कर गुस्ल करना,मिसवाक करना,सबसे उम्दा और साफ कपड़े पहनना,इत्र लगाना,ईदगाह जाने से पहले कुछ खाना,नमाज से पहले फित्रा,जकात अदा करना और ईद की नमाज में जल्दी पहुंचना इन बातों का खास ख्याल रखा जाना चाहिए।



> ❖मस्जिदों में देश व दुनिया में अमन व खुशहाली व तरक्की के लिए मांगी गई दुआएं

## नगर के विभिन्न मस्जिदों में प्रात: ईद की नमाज का समय

जामा मस्जिद सोत - 7:30 बजे
मस्जिद शेख बैंचा - 7:00 बजे
मस्जिद उमर बिन खत्ताब - 7:15 बजे
मरकज हव्वा - 7:15 बजे
मस्जिद बिलाल - 9:15 बजे
नूर मस्जिद - 7:15 बजे
मस्जिद अंबर तालाब - 8:15 बजे
गफूरिया मस्जिद - 10:00 बजे
ईदगाह रामपुर - 8:15 बजे
ईदगाह रुडकी - 8:45 बजे

